यह कार्यक्रम विकास भवन सभागार में आयोजित हुआ, जिसमें कई बड़े जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि आज का दिन बेहद शुभ है, खासकर जेठ के बड़े मंगल के अवसर पर शिक्षामित्रों को बढ़ा हुआ मानदेय मिलना एक बड़ी सौगात है। उन्होंने बताया कि सरकार ने शिक्षामित्रों का मानदेय 10 हजार से बढ़ाकर 18 हजार रुपए कर दिया है। मंत्री ने शिक्षामित्रों से अपील की कि वे बच्चों को बेहतर शिक्षा और अच्छे संस्कार दें, क्योंकि देश का भविष्य इन्हीं बच्चों पर निर्भर करता है। प्रदेश सरकार ने बेसिक विद्यालयों के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया है। अब स्कूलों में शौचालय, फर्नीचर, स्मार्ट क्लास जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। बेसिक स्कूलों में बच्चों का नामांकन बढ़ा डिजिटल लैब की सुविधा शुरू शिक्षकों को टैबलेट दिए गए बच्चों को ड्रेस, जूते, मोजे और बैग के लिए धनराशि मुफ्त किताबें और मध्यान्ह भोजन कैशलेस चिकित्सा सुविधा- सरकार ने शिक्षामित्रों को कैशलेस चिकित्सा प्रणाली से भी जोड़ दिया है, जिससे उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ी राहत मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने शिक्षामित्रों को प्रतीकात्मक चेक वितरित कर उनका सम्मान किया। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे, जिनमें सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष और प्रशासनिक अधिकारी शामिल रहे।

# महिला डॉक्टर को नशा देकर जिम ट्रेनर ने किया दुष्कर्म , ब्लैकमेल कर वसूले लाखों रुपए



क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। सिविल लाइंस क्षेत्र में स्थित एक जिम में महिला डॉक्टर के साथ नशा देकर दुष्कर्म और फिर ब्लैकमेलिंग का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार सिविल लाइंस क्षेत्र के मुख्य डाकघर के पास स्थित अल्टीमेट फिटनेस क्लब जिम में यह पूरी घटना सामने आई। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी अकरम खान महिला डॉक्टर को नशीला पदार्थ देकर उसके साथ दुष्कर्म करता था और उसकी वीडियो सीसीटीवी के जरिये रिकॉर्ड कर लेता था। बाद में इन्हीं वीडियो के जरिए उसे ब्लैकमेल कर लगातार पैसे ऐंठे गए।जिम संचालक एवं ट्रेनर अकरम खान ने मई 2024 से डॉक्टर का लगातार यौन शोषण किया और इस दौरान बनाए गए वीडियो के आधार पर उन्हें धमकाकर लाखों रुपये वसूल लिए। हाल ही में आरोपी ने 10 लाख और फिर 50 लाख रुपये की मांग शुरू कर दी थी, जिसके बाद पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि अकरम के साथ उसका भाई आलम भी ब्लैकमेलिंग में शामिल था। दोनों आरोपी पीड़िता को डराने-धमकाने के लिए उसका पीछा करते थे और उसके बच्चों की लोकेशन तक की जानकारी रखते थे, जिससे वह लगातार मानसिक दबाव में रही। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है। सीओ सिटी आशुतोष शिवम का कहना है कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर साक्ष्य जुटाए गए हैं और आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएंगी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गौशालाओं के पर्यवेक्षण हेतु जनपद स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्याकंन समिति की बैठक हुई सम्पन्न



क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / जनपद की समस्त गौशालाओं के पर्यवेक्षण हेतु जनपद स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्याकंन समिति की कल दिनांक 04.05.2026 को जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद की समस्त गौशालाओं में लू/गर्मी से निराश्रित गौवंशों को बचाने हेतु एवं गौवंशो को स्वच्छ, शीतल जल को उपलब्ध कराने हेतु समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया। 50 से कम गौ आश्रय स्थल को बन्द करने का प्रस्ताव अस्वीकृत करते हुये इन गौशालाओं इस गौशालाओं विस्तारीकरण किये जाने तथा पशुओं की संख्या बढाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। गौवंश के भरण पोषण हेतु भूसा दान में प्राप्त करने हेतु सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी एवं उप जिलाधिकारियों को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त के अतिरिक्त गौ आश्रय स्थलों में संरक्षित गौवंश के लिए हरा चारे की व्यवस्था करने हेतु स्थानीय कृषको से उनकी भूमि पर अनुबंध के आधार पर हराचारा उत्पादन करने के सम्बन्ध में कार्यवाही की जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी व जनपद स्तरीय समस्त समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का संचालन डॉ0 प्रवीण कुमार त्यागी मुख्य चिकित्साधिकारी के द्वारा किया गया।

# भाजपा बछरायूं मंडल की संगठनात्मक बैठक संपन्न, शक्ति केंद्र प्रभारियों की हुई नियुक्ति




क्यूँ न लिखूँ सच/आज मंडल बछरायूं मंडल कार्यालय मोहल्ला बकबाद पीली कोठी पर संगठनात्मक बैठक आहूत की गई जिसमें मुख्य अतिथि जिला महामंत्री श्री राजीव चौहान जी व मंडल प्रवासी श्री मंजीत सिंह जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ बैठक में कई बिंदुओ पर चर्चा की गई व शक्ति केंद्र प्रभारी नियुक किए गए रोहित आर्य एडश मंडल अध्यक्ष भाजपा ने कहा कि संगठन को मजबूत और कार्यशैली अच्छी करने के लिए प्रत्येक शक्ति केंद्र व बूथों पर बैठक और भ्रमण करना होगा जिसके लिए हम सभी को गांव गांव जाकर बूथ तक बैठके करनी होगी मंडल बैठक में उपस्थित मंडल समिति सदस्य अंकुर अग्रवाल राजपाल सिंह शेख चिरगुद्दीन सुरेश सैनी अनुज कुमार नरेंद्र उत्पल सुनील प्रजापति मंगत सिंह दुष्यंत भड़ाना सुनील बाल्मीकि मोहित आर्य अनवर चौधरी कोशिंद्र यादव सतीश रस्तोगी शक्तिकेंद्र संयोजक आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे द्यद्य


# लोक अदालत को लेकर बैंक अधिकारियों की अहम बैठक, ज्यादा से ज्यादा मामलों के निस्तारण पर जोर




क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार 09 मई 2026 (शनिवार) को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से बरेली जनपद न्यायालय सभागार में समस्त बैंक प्रबंधकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता माननीय जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली, श्री प्रदीप कुमार सिंह-द्वितीय ने की। उन्होंने बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को त्वरित न्याय मिल सके। इस दौरान अपर जिला जज एवं नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत, उमा शंकर कहार ने बताया कि सभी बैंकों से लंबित मामलों की जानकारी एकत्र की गई है। साथ ही चिन्हित मामलों में अधिक से अधिक नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए हैं, जिससे ज्यादा से ज्यादा मामलों को लोक अदालत में शामिल किया जा सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं अपर सिविल जज (सी.डि.) श्रीमती जया प्रियदर्शिनी ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय लोक अदालत से पहले 06 मई से 08 मई तक तीन दिवसीय विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसमें लघु आपराधिक मामलों के निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि विभिन्न न्यायालयों द्वारा ऐसे मामलों का चयन किया गया है, जिनका शीघ्र निस्तारण संभव है। साथ ही आम जनता से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने मामलों का निपटारा कराएं। राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पैरा लीगल वालंटियर को लगाया गया है, जो शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को लोक अदालत के लाभों के बारे में जागरूक कर रहे हैं।

# जोरदार धमाका... और देखते ही देखते धराशाई! ओवरहेड टैंक गिरा, मलबे में दबे ग्रामीण

## जान बची तो सुनाई खौफनाक कहानी



क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली । आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक की ग्राम पंचायत सरदारनगर में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब करीब 60 फुट ऊंचा ओवरहेड टैंक अचानक भरभराकर गिर पड़ा। जोरदार धमाके की आवाज ने पूरे गांव को दहला दिया। सोमवार शाम करीब साढ़े पांच बजे, 3 करोड़ 62 लाख रुपये की लागत से बना ओवरहेड टैंक अचानक गिर गया। इस हादसे में डोरीलाल, अर्जुन, वीरपाल, रविंद्र और नन्कू उर्फ वेदपाल मलबे में दबकर घायल हो गए। वहीं गुड्डु, ठाकुरदास, नन्नू और डबरू को मामूली चोटें आईं। घायलों को तुरंत शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि कुछ का इलाज गांव में ही किया गया। घायलों ने बताया कि सब कुछ पलक झपकते ही हो गया। तेज आवाज आई और देखते ही देखते टैंक गिर गया। उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिला और वे मलबे में दब गए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ओवरहेड टैंक के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया था। बताया जा रहा है कि यह टैंक महज डेढ़ साल पहले ही बनकर तैयार हुआ था, लेकिन पहली ही बारिश में इसके पिलर जवाब दे गए। हादसे के करीब एक घंटे बाद प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। डीएम अविनाश सिंह ने घायलों का हाल जाना और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मलबा हटाने के लिए जेसीबी लगाई गई है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई और व्यक्ति दबा न हो। मामले की उच्चस्तरीय जांच के लिए लखनऊ से तकनीकी ऑडिट टीम बुलाई गई है।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### जनगणना 2026: राशन डीलरों को स्व-गणना हेतु दिया गया प्रशिक्षण



क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी के निर्देशानुसार शनिवार को तहसील सदर के ग्रामीण क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान क्षेत्र के सभी राशन डीलरों को भारत की जनगणना 2026 के अंतर्गत होने वाली स्व-गणना प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि यह स्व-गणना अभियान 07 मई 2026 से 21 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा। इसके तहत प्रत्येक राशन डीलर को अपने-अपने क्षेत्र के सभी कार्डधारकों की स्व-गणना सुनिश्चित कराने का लक्ष्य सौंपा गया है। इसके साथ ही संबंधित अधिकारियों द्वारा निर्देश दिए गए कि इस अभियान की प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट ARO (सहायक रजिस्ट्रार अधिकारी) एवं पूर्ति निरीक्षक को अनिवार्य रूप से भेजी जाए। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि जनगणना कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी को जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा।

### पत्नी के तानों से आहत पति ने फंदा लगाकर दी जान, महिला और उसके प्रेमी पर रिपोर्ट

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। बिथरी चैनपुर इलाके में एक महिला के दूसरे युवक से अवैध संबंध हो गए। इसके बाद वह पति को नपुंसक बताने लगी। 24 अप्रैल को पति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने पत्नी व उसके प्रेमी पर हत्या का आरोप लगाया। बिथरी थाने में पत्नी और उसके प्रेमी पर आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। मृतक के चाचा विजेंद्र कुमार ने बिथरी इंस्पेक्टर राजेश मिश्रा को बताया कि उनका भतीजा सुमित सोनकर शाहजहांपुर का निवासी था। वह बरेली की रामगंगानगर कॉलोनी में किराये पर रहकर मजदूरी करता था। सुमित की पत्नी काजल के अवैध संबंध पड़ोस में रहने वाले निहाल सैनी से हो गए। इसकी जानकारी होने पर सुमित ने नाराजगी जाहिर की। इस पर काजल और उसके प्रेमी निहाल ने सुमित को अक्षम कहकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। विजेंद्र के मुताबिक, दोनों सुमित से कहते थे कि फंदा लगाकर या ट्रेन से कटकर मर जा ताकि हम लोग साथ रह सकें। 16 अप्रैल को सुमित बिना बताए कहीं चला गया था। अगले दिन सुमित घर लौट आया था। 24 अप्रैल को काजल ने सुमित की बहन को कॉल कर बताया कि सुमित ने फंदा लगा लिया है। परिजन मौके पर पहुंचे तो सुमित का शव चारपाई पर पड़ा था।

### हादसे को हराकर लिए सात फेरे: एंबुलेंस से पहुंचा दूल्हा व्हीलचेयर पर रची शादी

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। भमोरा के ग्राम कुड्ढा निवासी उमेश सिंह यादव के बेटे हिमांशु यादव की शादी फरीदपुर के अंधरपुरा गांव में तय थी। शादी से ठीक तीन दिन पहले हिमांशु बाइक से लौट रहे थे, तभी सामने से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनका एक पैर टूट गया और उन्हें तुरंत बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल से छुट्टी न मिलने के बावजूद परिवार ने तय तारीख पर ही शादी करने का फैसला लिया। सोमवार को हिमांशु एंबुलेंस से सीधे दुल्हन के दरवाजे पहुंचे। बारात भी पूरे उत्साह के साथ वहां पहुंची। दूल्हे को व्हीलचेयर पर पंडाल तक लाया गया। जयमाल की रस्म पूरी होने के बाद हिमांशु ने उसी व्हीलचेयर पर बैठकर दुल्हन के साथ सात फेरे लिए। यह अनोखा दृश्य देखकर बारातियों की आंखें नम हो गईं। इस शादी ने साबित कर दिया कि सच्चा प्यार और मजबूत इरादे किसी भी मुश्किल के आगे झुकते नहीं। दूल्हा-दुल्हन को आशीर्वाद देते हुए सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बरेली में नए सहायक आयुक्त ( खाद्य ) की तैनाती. राहुल सिंह ने संभाला कार्यभार



क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली । उत्तर प्रदेश शासन द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग में अहम बदलाव करते हुए राहुल सिंह को सहायक अधिकारी के पद पर बरेली में राहुल सिंह ने 4 मई सोमवार उपस्थित होकर अपना योगदान ग्रहण किया। नियुक्ति के बाद तेजी आने की उम्मीद जताई जा आयुक्त (खाद्य)-द्वद्व एवं अभिहित तैनात किया गया है। बताया जा रहा है कि को जिलाधिकारी अविनाश सिंह के समक्ष प्रस्तुत किया और विधिवत रूप से कार्यभार अब जिले में खाद्य सुरक्षा से जुड़े कार्यों में रही है।

# शिक्षामित्रों को सम्मान का बड़ा तोहफा: मानदेय 18 हजार, कैशलेस इलाज से मिली नई मजबूती



क्यूँ न लिखूँ सच/ नीरज कुमार/ जालौन ।प्रदेश सरकार ने शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले शिक्षामित्रों के सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए उनके मानदेय में बड़ी बढ़ोतरी की घोषणा की है। इस फैसले से प्रदेश के लगभग 1.43 लाख शिक्षामित्रों के जीवन में आर्थिक स्थिरता और सामाजिक सम्मान की नई शुरुआत हुई है।

यह घोषणा गोरखपुर स्थित योगिराज बाबा गम्भीरनाथ प्रेक्षागृह एवं सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित भव्य शिक्षामित्र सम्मान समारोह में की गई, जहां माननीय मुख्यमंत्री ने शिक्षामित्रों का मानदेय 10,000 रुपये से बढ़ाकर 18,000 रुपये प्रतिमाह करने का ऐलान किया। यह वृद्धि 01 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगी। इसके साथ ही शिक्षामित्रों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा से आच्छादित करने का निर्णय भी लिया गया, जिससे उन्हें स्वास्थ्य सुरक्षा का मजबूत कवच मिलेगा। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद जालौन के विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में किया गया। यहां जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय सहित जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और बड़ी संख्या में शिक्षामित्रों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री के संबोधन को शिक्षामित्रों ने उत्साहपूर्वक सुना और इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे वर्षों के परिश्रम और समर्पण की सच्ची पहचान बताया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जानकारी दी कि जनपद जालौन में वर्तमान में 821 शिक्षामित्र कार्यरत हैं। अब तक उन्हें 10,000 रुपये प्रतिमाह मानदेय प्राप्त होता था, जिसे बढ़ाकर 18,000 रुपये कर दिया गया है। इससे शिक्षामित्रों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी और वे निश्चिंत होकर शिक्षण कार्य कर सकेंगे।

जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि यह निर्णय केवल मानदेय वृद्धि नहीं, बल्कि शिक्षामित्रों के सम्मान और योगदान की स्वीकृति है। विधायक मूलचंद निरंजन और विनोद चतुर्वेदी ने भी इसे शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने वाला कदम बताया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि सरकार का यह निर्णय संवेदनशील और कल्याणकारी सोच का प्रतीक है तथा इससे शिक्षा की गुणवत्ता और बेहतर होगी।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, जिला विकास अधिकारी निशान्त पटेल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्रप्रकाश सहित अनेक गणमान्यजन और बड़ी संख्या में शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

# बारातियों से भरी पिकअप पलटी, दो की मौत; चार गंभीर घायल






क्यूँ न लिखूँ सच/चांदनी बिहारपुर – सूरजपुर जिले के चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में बारात से लौट रहे लोगों से भरी एक मालवाहक पिकअप वाहन के पलटने से दर्दनाक हादसा हो गया। इस दुर्घटना में एक महिला और एक पुरुष सहित दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है।

इसके अलावा 8–9 लोगों को चोटें आई हैं, वहीं अन्य को सामान्य चोटें लगी हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार पण्डो परिवार के लगभग 30 लोग पिकअप वाहन (क्रमांक MP66 त0 850) में सवार होकर बिहारपुर से मोहली होते हुए रसौकी गांव बारात गए थे। वापसी के दौरान मोहरसोप चौकी क्षेत्र अंतर्गत उमझर घटिया के पास कच्ची सड़क और बारिश के कारण वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने बताया कि मालवाहक वाहनों में सवारी ढोना प्रतिबंधित है, इसके बावजूद लोग नियमों की अनदेखी कर अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। लगातार समझाइश और चालानी कार्रवाई के बाद भी इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं।

प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और मालवाहक वाहनों में यात्रा न करें। यह हादसा एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात जागरूकता की कमी को उजागर करता है।

# यूपी के चार पुलिसकर्मी सहित पांच की मौत: ट्रैक्टर से टकराई स्कॉर्पियो, अपहरण के केस में जा रहे थे जींद

हादसे का शिकार हुई स्कॉर्पियो से लगभग डेढ़ लाख रुपये और दो पिस्टल मिली हैं, जिन्हें तावडू सदर थाना पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। डीएसपी अभिमन्यु लोहान ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी और उत्तर प्रदेश पुलिस के अधिकारी भी बाद में मौके पर पहुंचे।हरियाणा के तावडू स्थित कुंडली–मानेसर–पलवल (केएमपी) एक्सप्रेसवे पर मंगलवार सुबह करीब 10 बजे हुए भीषण सड़क हादसे में उत्तर प्रदेश पुलिस के चार जवानों समेत पांच लोगों की जान चली गई। तावडू सदर थाना क्षेत्र में धुलावट टोल प्लाजा से करीब एक किलोमीटर पहले पुलिसकर्मियों की तेज रफ्तार स्कॉर्पियो आगे खड़े डंपर से जा टकराई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए नूंह भेज दिया है।जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के उरई कोतवाली पुलिस की टीम अपहरण के मामले की जांच के सिलसिले में जींद की ओर जा रही थी। स्कॉर्पियो में चालक समेत चार पुलिसकर्मी सवार थे। स्थानीय लोगों के मुताबिक, सड़क किनारे डंपर खड़ा कर चालक पास के खोखे पर चला गया था। तभी पीछे से तेज गति में आ रही स्कॉर्पियो उससे टकरा गई। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से वाहन समेत भाग गया। सूचना मिलते ही धुलावट ट्रैफिक थाना पुलिस, तावडू सदर थाना पुलिस और तावडू के डीएसपी अभिमन्यु लोहान टीम के साथ मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। क्षतिग्रस्त स्कॉर्पियो में शव बुरी तरह फंसे हुए थे, जिन्हें करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया।

# चांदनी बिहारपुर प्यासा: धान खरीदी केंद्रों में पानी नहीं, सैकड़ों किसान रोज परेशान





सुशासन के दावों के बीच प्यासा चांदनी बिहारपुर= धान खरीदी केंद्रों में पानी नहीं, किसान बेहाल क्यूँ न लिखूँ सच/चांदनी बिहारपुर – सूरजपुर जिले के चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में भीषण गर्मी के बीच पानी का संकट अब विकराल रूप ले चुका है। आ.जा. सेवा सहकारी समिति मर्या. नवगई एवं मोहरसोप धान खरीदी केंद्रों में पेयजल की सुविधा नहीं होने से किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इन केंद्रों में केवल धान खरीदी के समय ही नहीं, बल्कि अन्य कार्यों के लिए भी किसानों का आना–जाना लगातार बना रहता है। धान खरीदी बंद हो जाने के बाद भी रोजाना सैकड़ों की संख्या में किसान समिति में अपने विभिन्न कामकाज के लिए पहुंचते हैं, लेकिन यहां पानी जैसी बुनियादी सुविधा तक उपलब्ध नहीं है।

भीषण गर्मी में घंटों तक केंद्रों में मौजूद रहने वाले किसान प्यास बुझाने के लिए इधर–उधर भटकने को मजबूर हैं। कई किसान दूर से पानी लेकर आते हैं, तो कई बिना पानी के ही अपने काम निपटाने को विवश हैं। इससे किसानों की सेहत पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। विडंबना यह है कि एक ओर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन त्योहार मनाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी देखने को मिल रही है। किसानों का कहना है कि शासन और प्रशासन इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। किसानों और ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, छत्तीसगढ़ शासन एवं सूरजपुर कलेक्टर से मांग की है कि दोनों धान खरीदी केंद्रों में तत्काल बोरिंग कराकर सोलर पंप स्थापित किया जाए, ताकि भीषण गर्मी में शुद्ध पेयजल की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। राजेश (किसान)= हम लोग रोज यहां आते हैं, धान के अलावा भी बहुत काम रहता है, लेकिन पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। गर्मी में हालत खराब हो जाती है। रामकुमार (किसान)= धान खरीदी बंद होने के बाद भी हम लोग समिति आते हैं, लेकिन पानी नहीं मिलता। बहुत परेशानी हो रही है।

रामचन्द्र (किसान)=
सरकार सुशासन की बात करती है, लेकिन यहां बुनियादी सुविधा तक नहीं है। बोरिंग और सोलर पंप लगना जरूरी है। रामचरन (किसान)= सैकड़ों किसान रोज आते हैं, फिर भी पानी नहीं है। हम लोग मांग करते हैं कि जल्द से जल्द व्यवस्था की जाए।卐 यदि जल्द ही प्रशासन ने इस समस्या का समाधान नहीं किया, तो किसानों का आक्रोश बढ़ सकता है। अब देखना होगा कि जिला प्रशासन इस गंभीर मुद्दे को कितनी गंभीरता से लेकर स्थायी समाधान करता है।

# 70 साल का शौहर, 20 की बेगम: SP नेता ने किया चौथा निकाह, 50 करोड़ की प्रॉपर्टी भी की नाम; हाजी खलील के 11 बच्चे



दूसरी पत्नी नाजरीन का आरोप है कि पति हाजी खलील 70 वर्ष के हैं। दो वर्ष पूर्व वह एक स्कूल के मैनेजर थे, इसी स्कूल की एक 20 वर्षीय छात्रा से पति ने चौथा निकाह कर लिया है। अधिकांश प्रॉपर्टी भी उसी के नाम कर दी है और उन्हें व उनके बच्चों को घर से निकालने पर आदमा हैं। यूपी के गाजियाबाद कोतवाली क्षेत्र के कैला भट्ठा में करीब 50 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी को लेकर पूर्व पार्षद की दूसरी पत्नी ने पति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। दूसरी पत्नी नाजरीन का आरोप है कि पति हाजी खलील 70 वर्ष के हैं। दो वर्ष पूर्व वह एक स्कूल के मैनेजर थे, इसी स्कूल की एक 20 वर्षीय छात्रा से पति ने चौथा निकाह कर लिया है। अधिकांश प्रॉपर्टी भी उसी के नाम कर दी है और उन्हें व उनके बच्चों को घर से निकालने पर आदमा हैं। पुलिस ने जांच पड़ताल की तो मामला प्रॉपर्टी विवाद का निकला।दो बार रह चुके पार्षद– अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध जयकरन नैय्यर ने बताया कि कैला भट्ठा की रहने वाली नाजरीन के मुताबिक उनके पति हाजी खलील 1995 और 2000 में इस्लामनगर से सपा के टिकट पर दो बार पार्षद चुने जा चुके हैं। पहली बार पार्षद बनने के बाद उन्होंने 1998 में पहला निकाह किया था। पहली पत्नी से उनके 8 बच्चे हैं। पहली पत्नी और बच्चों को छोड़कर उन्होंने वर्ष 1991 में उनसे निकाह रचाया। 20 साल की छात्रा से किया चौथा निकाह

आरोप है कि पहली पत्नी और बच्चों के बारे में उन्हें कुछ नहीं बताया गया। नाजरीन की तीन संतानों में दो बेटियां और एक बेटा है। आरोप है कि वर्ष 2010 में हाजी खलील ने तीसरा निकाह किया, जिसकी कोई संतान नहीं है। दो वर्ष पूर्व हाजी खलील एक जूनियर हाईस्कूल के मैनेजर नियुक्त हुए। मैनेजर रहते उन्होंने इसी स्कूल की 20 वर्षीय छात्रा से चौथा निकाह कर लिया। बताया कि हाजी खलील की करीब 50 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी है, नगर निगम की 30 करोड़ की प्रॉपर्टी पर भी पति ने कब्जा कर रखा है। आरोप है कि अधिकांश प्रॉपर्टी पति ने अपनी चौथी पत्नी के नाम कर दी है। उन्हें और उनके बच्चों को घर से निकालने पर आमादा हैं। दुकान पर कब्जे को लेकर हुआ विवाद– सोमवार की शाम नाजरीन व उनकी दो बेटी व बेटा कैला भट्ठा स्थित दुकान पर पहुंचे। यह दुकान हाजी खलील ने राशिद नाम के युवक को वर्षों पूर्व बेच दी थी। राशिद के नाम बैनामा भी है। नाजरीन और उनके बेटे व बेटियों ने राशिद को बाहर कर दुकान पर ताला लगा दिया। राशिद ने डायल 112 पर कॉल की। मौके पर पहुंची पुलिस ने शिकायतकर्ता और नाजरीन को थाने पहुंचकर समस्या बताने की बात कही। मामला नगर कोतवाली पहुंचा तो राशिद ने दुकान का बैनामा दिखाया। पुलिस ने नाजरीन को दुकान का ताला खोलने की बात कही। नाजरीन ने पुलिस से अभद्रता की और मंगलवार को कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस क्या बोली– पूर्व पार्षद के परिवार ने दुकान पर कब्जे का प्रयास किया है। जांच में सामने आया है कि दुकानदार और पुलिस से भी अभद्रता की गई है। पीड़ित दुकानदार ने नाजरीन व उनके बेटे वे बेटियों के खिलाफ मारपीट और दुकान पर कब्जा करने की तहरीर दी है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। –धवल जायसवाल, डीसीपी सिटी सपा का हाजी बिलाल से किनारा– पूर्व में हाजी खलील सपा में रहे होंगे, वर्तमान में इनका सपा से कोई संबंध नहीं है। पूर्व में नगर निगम में पार्षद का चुनाव इन्होंने बसपा से लड़ा था। हाजी खलील का सपा से कोई सरोकार नहीं है। –फैजल हुसैन, सपा जिलाध्यक्ष।

## संक्षिप्त समाचार

# अब अपने आप प्रीपेड मीटर होंगे पोस्टपेड, बिजली उपभोक्ताओं को कहीं आवेदन करने की जरूरत नहीं

उत्तर प्रदेश में प्रीपेड बिजली मीटर स्वत: पोस्टपेड में बदलने के फैसले से उपभोक्ताओं को राहत मिली है। अब बिना आवेदन और अतिरिक्त शुल्क के बिल मोबाइल पर मिलेगा। बकायेदारों पर सख्ती रहेगी, जबकि शिकायतों के लिए हेल्पलाइन और कैंप की व्यवस्था भी की जा रही है।योगी सरकार ने प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता समाप्त कर दी है। इस फैसले के बाद राजधानी के दो लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिल जाएगी। खास बात है कि ये सभी प्रीपेड मीटर अपने आप पोस्टमोड में बदल जाएंगे। इसके लिए उपभोक्ताओं को न कहीं आवेदन की जरूरत है न ही कोई अतिरिक्त शुल्क देना होगा।अधिकारियों के मुताबिक स्मार्ट मीटर कंप्यूटर के सॉफ्टवेयर से जुड़े हैं ये एक क्लिक पर पोस्टपेड मोड में बदल जाएंगे। हर महीने की 1 से 10 तारीख के बीच उपभोक्ताओं के मोबाइल पर उपभोग की रीडिंग के साथ बिल का मैसेज आएगा। अब बिल की पर्ची निकालने वाले कर्मचारी घरों पर नहीं पहुंचेंगे। मई माह के बिल का मैसेज उपभोक्ताओं के मोबाइल पर 1 जून से 10 जून के बीच पहुंचेगा। जो 15 दिनों के भीतर जमा करना होगा।एक क्लिक पर बकाएदारों के लिए होगी मुसीबत, आरोप से बचेंगे कर्मचारी– स्मार्ट मीटर पोस्टपेट मोड में भले ही काम करेंगे, लेकिन इससे बिल न जमा करने वाले बड़े बकाएदारों के लिए मुसीबत भी होगी। उनकी बिजली एक क्लिक पर कटेगी और बिल जमा करने पर ही चालू होगी। बता दें कि अभी तक पोस्टपेड मोड में बिजली खर्च करके बड़े बकाएदार पैसा नहीं जमा करते थे। जब लाइनमैन व कर्मचारी कनेक्शन काटने जाते थे तो उनसे अभद्रता होती थी। कई बार पैसे मांगने के आरोप भी लगते थे। अब जब मौके पर कर्मचारी जाएंगे नहीं तो आरोप भी नहीं लगेगा। कैंप में जमा कर सकेंगे बकाया बिल– पिछले माह तक बकाया बिल उपभोक्ता किस्तों में जमा कर सकेंगे। बिल संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए मई–जून में कैंप लगेंगे। जल्द ही कैंप की लगाए जाने का शेड्यूल जारी होगा। सात हजार आवेदकों को मिलेंगे बिजली कनेक्शन– राजधानी के सभी जोनों में लगभग सात हजार से अधिक बिजली कनेक्शन आवेदन मोड में हैं। इनकी सत्यापन रिपोर्ट जल्द ही अधिकारियों को देने के लिए कहा गया है। इन उपभोक्ताओं के परिसर में अब केवल पोस्टपेड मीटर लगाए जाएंगे। प्रीपेड मीटर के उपभोक्ताओं का बैलेंस पोस्टपेड में बदलने पर उनके नए मीटर में जोड़ दिया जाएगा। उपभोक्ता की शिकायत पर होगा एक्शन– मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल ने कहा कि उपभोक्ताओं को यदि कोई परेशानी होती है तो वह अपनी शिकायत हेल्पलाइन नंबर 1912 पर दर्ज करवा सकते हैं। शिकायत का निस्तारण किया जाएगा। यदि शिकायतों का फर्जी निस्तारण होता है तो कठोर कार्रवाई जाएगी। जरूरत पड़ने पर शिकायतकर्ता का फीडबैक भी लिया जाएगा। वहीं, मुख्य अभियंता जानकीपुरम क्षेत्र मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड वीपी सिंह ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं को प्रीपेड मीटर पोस्टपेड में बदलवाने के लिए कहीं आवेदन करने की जरूरत नहीं है। मीटर स्वत= पोस्टपेड मोड में काम करने लगेंगे।

# सीएम योगी बोले– पिछली सरकारों की गलती सुधारी, डेढ़ लाख शिक्षामित्र परिवारों को संभाला हमारी सरकार ने

योगी आदित्यनाथ ने शिक्षामित्रों के मुद्दे पर पिछली सरकारों की आलोचना करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने डेढ़ लाख परिवारों को सहारा दिया। मानदेय बढ़ाने, स्वास्थ्य सुरक्षा देने और शिक्षा व्यवस्था सुधारने के साथ बच्चों की पढ़ाई और स्कूल उपस्थिति पर भी जोर दिया गया है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2017 से पहले की सरकारों पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने बिना नियम–कानून के शिक्षामित्रों को सहायक शिक्षक के रूप में मान्यता देने का कुत्सित प्रयास किया, जो पूरी तरह नियम–विरुद्ध था। उनकी इस गलती के कारण सुप्रीम कोर्ट ने सभी शिक्षामित्रों की सेवाएं समाप्त करने का आदेश दिया। ऐसे में हमारे सामने बड़ी चुनौती थी। डेढ़ लाख परिवार सड़कों पर भूखों मरने की नौबत पर आ सकते थे। ये लोग 18–19 वर्षों से सेवाएं दे रहे थे। उम्र के इस पड़ाव में वे कहां जाते? तब हमने मंत्रिमंडल में फैसला किया कि इनकी सेवाएं समाप्त नहीं करेंगे, बल्कि इनका सहयोग लेंगे। 2017 में ही सरकार ने शिक्षामित्रों का मानदेय 3,500 रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये कर दिया था। अब इसे और बढ़ाते हुए 18 हजार रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है, जो अप्रैल महीने से लागू भी हो गया है। सीएम योगी मंगलवार को गोरखपुर में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय शिक्षामित्र सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। संवाद और सहयोग से किया समय का समाधान– मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि अब ट्रेड यूनियन वाली सोच और नकारात्मक वृत्ति को पूरी तरह त्याग देना होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक या शिक्षामित्र केवल मांगों पर अड़े रहेंगे, नकारात्मक सोच रखेंगे, तो न केवल बच्चों की नींव कमजोर करेंगे बल्कि पूरे समाज व राष्ट्र को क्षति पहुंचाएंगे। हमारा नेचर ट्रेड यूनियन जैसा नहीं हो सकता। पहले देश, फिर हम। सकारात्मक भाव के साथ कार्य करने वाले ही अच्छी पीढ़ी तैयार कर सकते हैं। सरकार सकारात्मक सोच के साथ आपके साथ है, इसलिए नकारात्मक भाव बिल्कुल नहीं आने चाहिए। वर्षों से चली आ रही आपकी मांग को सरकार ने संवाद व सहयोग के माध्यम से हल किया, न कि टकराव के रास्ते से। सभी शिक्षामित्रों को मिलेगी

# Relationship Tips: Five Things No One Should Ask Their Partner

If you want to strengthen your relationship, remember these five things. You should never ask your partner these things. The strength of any relationship rests on trust, understanding, and respect. However, sometimes people unknowingly ask their partner questions that can increase tension and distance in the relationship. Each person has their own personal space and emotional boundaries, which are crucial to understand. Repeatedly asking sensitive or unnecessary questions can create insecurity and misunderstanding in the relationship. Relationship experts also agree that there are certain things that should be avoided repeatedly to maintain trust and strengthen the relationship. Communication is essential for a healthy relationship, but in the right manner and with appropriate boundaries. Therefore, it is equally important to know which questions to avoid asking your partner to maintain both love and understanding. Repeatedly asking about past relationships: Trust is the most important foundation of a relationship, but repeatedly asking questions about your partner's past relationships or exes can weaken that trust. Everyone has a past, and it's wise to accept it. Constantly delving into past relationships increases insecurity and leads to unnecessary comparisons, which can impact the current relationship. Repeatedly asking, "How much do you love me?" - This question initially seems romantic, but repeated requests can become emotional pressure. A partner begins to feel the need to constantly prove their love. Love in a relationship should be felt not through words, but through behavior and understanding. Constantly asking questions about income or financial details - Money-related questions are extremely sensitive, and asking them repeatedly can create discomfort in a relationship. Every person has their own financial privacy, which must be respected. Constant questioning can lead to trust issues and distance. Suspicious questions (where were you? who were you with?) create tension in the relationship. Overprotective behavior gradually weakens trust. If your partner constantly has to explain things, the relationship can feel burdensome and lead to emotional distance. Asking for uncertain future guarantees—questions like "Will you always be with me?"—puts unnecessary pressure on the relationship. No one can guarantee the future, and such questions can make your partner uncomfortable. Living in the present and allowing the relationship to grow naturally is a much healthier approach than insisting on uncertain promises.



# Career Options After 12th: Which Course to Pursue After 12th? Full Details Here

The 12th-grade exam results have been released. Until now, both children and parents were worried about the results, but now their concerns have changed. The time after the 12th-grade exam is a crucial turning point in every student's life. This is the time when a child decides their career path. However, with so many career options available today, students often become confused. Some want to become engineers, others doctors, or others pursue creative fields. Making the right decision is difficult. Sometimes, children, under pressure from friends or society, choose the wrong course, which they later regret. Parents also want to guide their children based on their experience, but with changing times, career options have also changed. Therefore, it is important to make a thoughtful career choice. This confusion can easily be resolved with the right information and proper guidance. This article may be helpful for students who are confused about their career path after 12th. 5 Effective Ways to Overcome Confusion After 12th: Understand Your Interests - First, identify your interests. If you pursue a field of your choice, your chances of success are higher. Assess Your Skills - Every individual has their own unique abilities. Choose a career path after understanding your strengths and weaknesses. You can also make career decisions based on your strengths and weaknesses. Research career options - In addition to traditional courses, many new options are available today, such as digital marketing, animation, hotel management, etc. Gather information about them. Seek Expert Advice - Career counseling can help guide you in the right direction. Professional guidance makes it easier to make the right decisions. Avoid Haste - Think carefully before making any decision. Choosing a career based on others is not the right path. Also, keep in mind that parents and children should communicate openly with each other. Keep your goals clear and avoid comparing yourself to others. Wondering how to choose a career after 12th? To choose a career after 12th, analyze your interests, skills, and market demand, seek career counseling, and select the right course.



# Don't make this mistake when buying apples! Learn to distinguish between real and fake apples.

How to tell if an apple is natural or artificial? Apples can be identified by their shine, smoothness, hot water taste, and taste. Overly shiny and smooth apples are often wax-coated. The more shiny and attractive the fruits available in the market today, the more questions arise about their safety. Apples, especially apples, are considered extremely beneficial for health. Apples are in the news today due to their chemical and wax coatings. The saying "Eat an apple a day, keep the doctor away" holds true only when the apples are pure and natural. Often, we buy shiny, red apples from the market without thinking, but they may contain artificial waxes, chemical polishes, or preservatives, which can harm our health. Meanwhile, a local or natural apple may appear slightly duller in appearance, but it's safer and more nutritious. If you're wondering whether the apple you're buying is local or chemically treated, there are some easy and effective tips to help you identify the right apple. How to identify an apple? Identify by shine - Overly shiny apples are often wax-coated. Natural apples are slightly matte, meaning dull. Local apples aren't as shiny. Rub your hands - If you feel a slickness or a white layer on the apple when you rub it, it could be a sign of wax. Hot water test - Place the apple in lukewarm water. If a white layer floats to the top, it indicates wax or chemical coating. Identify by taste and aroma - Local apples have a slightly sweet and aromatic flavor. Chemically treated apples often have less aroma. Cut open and examine the inside - If the inside appears overly shiny or unusual, be cautious. Natural apples have a normal, slightly lighter color. What to do before eating an apple? Wash the apple thoroughly. Clean it in salt or baking soda water. You can also eat it after removing the peel.



